प्रदेश में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में

चर्चा में क्यों?

3 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) मोहम्मद सुलेमान ने वल्लभ भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के समस्त ज़िलों में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तथा यू-विन (U-WIN) पोर्टल की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों (7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर एवं 9 से 14 अक्टूबर, 2023) में संचालित किया जाएगा।
- सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान में टीकाकरण में छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जाना है।
- अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने सभी वैक्सीनेटर को क्रियाशील करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण किये जाने के निर्देश दिये।
- उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार यू-विन पोर्टल डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिह्नित कर माइक्रोप्लानिंग कर उनका टीकाकरण किया जाए।
- एसीएस ने निर्देश दिये कि संस्थागत डिलीवरी पॉइंट पर टीकाकरण के लिये चिह्नित सभी एएनएम संवर्ग को आईएमआई की सफलता के लिये निर्देशित करें। वैक्सीनेटर के रूप में एएनएम अग्रिम तीन चरणों के 6 कार्यदिवसों में टीकाकरण सेवाएँ देंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/intensified-mission-indradhanush-5-0-campaign-in-the-state-in-3-phases